तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 अगस्त 2026

12 राखी निर्माण प्रतियोगिता में धानी प्रथम


14 भरसेला में विद्यार्थियों ने पेड़-पौधों को बांधी राखी,...




## खबर संक्षेप



### दो बाइकों में भिड़ंत बालबाल बचे चालक व सवार

**बगबुड़ा।** लवन-खम्हरिया मार्ग पर स्कूल के पास दो बाइकों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालक एवं सवार बाल-बाल बच गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही लवन पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता से स्थिति को संभाला। पुलिस की तत्परता एवं समय पर की गई कार्रवाई से किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई। हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर नगर पालिका का शिकंजा



**बलौदाबाजार।** नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से शहर में लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग की जांच की। निरीक्षण के दौरान कलकत्ता स्वीट्स प्रतिष्ठान में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग किया जाना पाया गया। इस पर नगर पालिका की टीम ने संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई शुरू की। टीम द्वारा प्रतिष्ठान संचालक से नियमानुसार जुर्माना जमा कराने की कार्रवाई की गई, लेकिन जुर्माना जमा नहीं किए जाने की स्थिति में मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार मामले में विधिवत कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रकरण तैयार किया जा रहा है। तैयार प्रकरण को सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन ने शहर के सभी दुकानदारों, होटल, मिठाई दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### शराब पीकर बाइक चलाना पड़ा महंगा, कोर्ट ने ठोका 15 हजार रुपए का जुर्माना



**बलौदाबाजार।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा नियमित रूप से वाहन चालकों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में शराब पीकर बाइक चलाते पकड़े गए एक वाहन चालक को न्यायालय ने 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस के अनुसार यातायात पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान रामफल पटेल, निवासी ग्राम मानाकोनी, को शराब का सेवन कर बाइक चलाते हुए पकड़ा गया। शेष पेज 12 पर

# जंगली सुअर के अवैध शिकार और मांस की बिक्री, 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| कसडोल

## पालतू कुत्ते की सहायता से जंगली सुअर के बच्चे का कथित रूप से किया था अवैध शिकार



वन्यप्राणियों के अवैध शिकार एवं उनके मांस के अवैध व्यापार के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगली सुअर के शिकार और मांस बिक्री के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार पंकज कुमार कमल के निर्देशन में की गई।

वन परीक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत विभाग को 25 अगस्त को सुबह करीब 11:15 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बिलारी निवासी छबिलाल सारथी के घर के पास जंगली सुअर का अवैध रूप से रखा मांस बिक्री के लिए उपलब्ध है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए वन विभाग की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। संयुक्त टीम ने ग्राम बिलारी में विधिवत तलाशी के दौरान मकान के समीप बाड़ी की मेढ़ के पास अजय सारथी को एक प्लास्टिक बोरी, तराजू, लोहे का मांस काटने वाला औजार और लकड़ी के गुटके के साथ पकड़ा गया। बोरी की जांच करने पर उसमें जंगली सुअर का मांस बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि अजय सारथी के चाचा छबिलाल सारथी ने कोनी-बेंचा डैम के समीप जंगल क्षेत्र में पालतू कुत्ते की सहायता से जंगली सुअर के बच्चे का कथित रूप से अवैध शिकार किया था। इसके बाद दोनों ने मांस को शेष पेज 12 पर

### वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई

पूछताछ के आधार पर मांस खरीदने वाले अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। वन विभाग के अनुसार मामले में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें छबिलाल सारथी पिता जागेश्वर, निवासी बेलारी (ज), विजय शंकर साहू पिता भगवानो, नल कुमार केवट पिता दासो, भूषण पिता रंजीत, अजय कुमार सारथी पिता धनीराम, कमल यादव पिता मनबोधि तथा रामसिंह पिता दुलुंदास शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (संशोधित 2022) की धारा 9, 39, 44, 48(क), 50 एवं 51 के तहत पीओआर क्रमांक 16428/25, दिनांक 25 अगस्त 2026 पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई के दौरान नियमानुसार पंचनामा एवं जप्तीनामा तैयार कर बरामद सामग्री को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया। सभी सात आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इसके बाद 26 अगस्त को सभी आरोपियों को जिला जेल, बलौदाबाजार में दाखिल कराया गया।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल व शिवरतन शर्मा ने किया भूमिपूजन

# 5.61 करोड़ के पेयजल प्रोजेक्ट की सौगात, गरीबों को मिली घर की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

### हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाना हमारा दायित्व : अश्वनी शर्मा



विकास कार्यों को नई गति और जनकल्याण को नया संबल देते हुए बुधवार को नगर के अम्बेडकर चौक, रविदास वार्ड में भूमिपूजन एवं प्रधानमंत्री आवास प्रमाण-पत्र व चाबी वितरण कार्यक्रम रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने की। वार्डो की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए कुल 561.06 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसमें इंटेकवेल से फिल्टर प्लांट तक पाइप लाइन विस्तार एवं इंटरकनेक्शन कार्य हेतु 408.81 लाख रुपये और नवीन ओवरहेड पानी टंकी निर्माण हेतु 152.25 लाख रुपये की लागत शामिल है। इस परियोजना से रविदास वार्ड सहित आसपास के वार्डों की पेयजल समस्या दूर होगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान की चाबी और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश के हर घर तक शुद्ध पेयजल और हर गरीब को पक्की छत मिले। आज भाटापारा में 5.61 करोड़ का यह भूमिपूजन उसी गारंटी को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। डबल इंजन की सरकार में भाटापारा के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। आने वाले समय में भाटापारा को एक व्यवस्थित नगर के रूप में विकसित किया जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर में जो विकास कार्य पूर्व में रुक गए थे, उन्हें अब तेजी से पूरा किया जा रहा है।

### शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता

नगर के प्रत्येक वार्ड में छोटे से लेकर बड़े कार्यों का सतत भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहा है। पेयजल की इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से आसपास के वार्डवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य भाटापारा को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाना है। रविदास वार्ड में पानी टंकी और पाइप लाइन का कार्य हमारी प्राथमिकता में था। आज सांसद बृजमोहन अग्रवाल और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग से प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जा रही है और कार्य धरातल पर उतर रहे हैं।

### शहर को एक अलग पहचान देने के लिए कृतसंकल्पित

नगर में रोड, नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ चौक सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्य जो शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाएंगे, वे सभी या तो स्वीकृत होकर प्रगति पर हैं या नवीन स्वीकृति के लिए अग्रेषित हैं। हम अपने शहर को एक अलग पहचान देने के लिए कृतसंकल्पित हैं। कार्यक्रम में राकेश तिवारी, आनंद यादव, दिलीप छाबड़िया, सुनील यद्धु, ओम प्रकाश रात्रे, केजूराम बघेल, योगेश अनंत, मनिंदर गुबर, महाबल बघेल, नगर पालिका सभापति गोविन्द पटेल, मनीष मिश्रा, सीता अशोक साहू, दीपा दशरथ साहू, सतीश तलरेजा, कुंजराम कौशले, रविदास वार्ड पार्षद सीमा ध्रुव बंजारे सहित पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजना का झांसा देकर 2.77 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| कसडोल



प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने के बहाने ग्रामीणों से बैंक खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड और पिन नंबर हासिल कर 2.77 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को कसडोल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्रामीणों और छात्रों के बैंक खातों का दुरुपयोग कर उनमें दर्ज मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आ ई डी बदलकर अवैध लेन-देन करता था। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा बैंक खातों के दुरुपयोग, साइबर ठगी और वित्तीय अपराधों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना कसडोल पुलिस ने शेष पेज 12 पर

- बैंक खाता, पासबुक और एटीएम लेकर मोबाइल नंबर व ई-मेल बदलकर किया अवैध लेन-देन

### आवास योजना का पैसा दिलाने के नाम पर लिया खाता

पुलिस के अनुसार, प्रार्थी ने थाना कसडोल में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी अतुल घृतलहरे अपने एक साथी के साथ उसके पास आया और प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि निकालने के नाम पर उसका तथा गांव के अन्य लोगों का बैंक खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड एवं एटीएम पिन ले लिया। बाद में जब पीड़ितों ने अपने दस्तावेज वापस मांगे तो पासबुक लौटा दी गई, लेकिन एटीएम कार्ड आरोपी ने अपने पास ही रख लिया। बैंक जाकर खातों की जानकारी लेने पर पीड़ितों को पता चला कि खातों में पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी बदल दी गई थी। इसके बाद खातों से करीब 2,77,700 का अवैध लेन-देन कर धोखाधड़ी की गई।

### पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया

शिकायत के आधार पर थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 560/2025 के तहत धारा 318(3), 318(4), 319(1), 61(2) बीएनएस, धारा 42(2) टेलीकम्युनिकेशन एक्ट तथा धारा 66(C), 66(D) आईटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अतुल घृतलहरे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने की बात पुलिस ने बताई है। मेमोरेंडम कथन के आधार पर धोखाधड़ी से संबंधित साक्ष्य भी जुटाए गए। आरोपी को 26 अगस्त 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# मारपीट व मोबाइल लूटने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी




पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा गुंडागर्दी, मारपीट व आपराधिक गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पलारी पुलिस द्वारा उपसरपंच प्रतिनिधि के साथ पुरानी रंजिश व बेदखली की बात को लेकर गाली-गलौज, मारपीट एवं मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी गोवर्धन यादव (उपसरपंच प्रतिनिधि, निवासी सेमरिया) द्वारा थाना पलारी आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि जब वे व्यायाम करने गए थे, तब आरोपी रुपेश कुमार भारद्वाज एवं उसके साथियों द्वारा शेष पेज 12 पर

# सट्टा-पट्टी लिखाने वाला खाईवाल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल



पुलिस विभाग द्वारा जिले में जुआ, सट्टा एवं अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कसडोल पुलिस द्वारा सट्टा-पट्टी लिखाने वाले खाईवाल आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 17 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर सट्टा-पट्टी लिखने वाले आरोपियों रामचरण मिरी एवं सखाराम श्रीवास को पकड़ा गया था। पूछताछ एवं मेमोरेंडम कथन में उन्होंने स्वीकार किया था कि वे मुकेश यादव निवासी कसडोल के लिए सट्टा-पट्टी लिखने का काम करते हैं। घटना के बाद से ही आरोपी मुकेश यादव लगातार फरार चल रहा था। बुधवार को थाना कसडोल पुलिस द्वारा कड़ा सुराग जुटाकर घेराबंदी करते हुए आरोपी मुकेश यादव को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी शेष पेज 12 पर

# सार्वजनिक स्थानों पर चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



शहर में सार्वजनिक स्थानों पर धारदार हथियार लेकर घूमने और लोगों को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चार धारदार चाकू बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले में आम नागरिकों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध हथियारों के प्रदर्शन तथा असामाजिक गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में 26 अगस्त को सिटी कोतवाली पुलिस ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार अस्पताल चौक-सोनपुरी रोड से इंदिरा कॉलोनी नहर पार निवासी सोनू यदु (24) को धारदार लोहे के चाकू के साथ पकड़ा गया। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 716/2026 दर्ज किया गया है। इसी तरह नया बस स्टैंड के पीछे से संजय कॉलोनी निवासी सोमेश यादव (22) को स्टील के धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया शेष पेज 12 पर

## चारागाह की जमीन उद्योग एवं विद्युत विभाग को देने का ग्रामीणों ने किया विरोध

# चारागाह की 27 एकड़ जमीन पर एनओसी जारी करने का आरोप, अरुण साव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸| तिल्दा नेवरा



बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के सिमगा ब्लॉक के ग्राम नेवधा में चारागाह के लिए सुरक्षित करीब 27 एकड़ भूमि को उद्योग एवं विद्युत विभाग को दिए जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने गांव के पूर्व सरपंच और सचिव पर बिना ग्राम सभा के प्रस्ताव के एनओसी जारी कराने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव की शासकीय भूमि खसरा नंबर 326/01 को तालाब निर्माण, खेल मैदान, पशुओं के शवों के निपटारे तथा चारागाह के लिए सुरक्षित रखा गया था। आरोप है कि पूर्व सरपंच और सचिव ने ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कराए बिना पटवारी के साथ मिलकर जमीन का नक्शा तैयार कराया और खसरा नंबर 326/30, 326/31 एवं 326/32 के संबंध में एनओसी जारी कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि गांव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है शेष पेज 10 पर

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत, पंचायत सचिव निलंबित



**बलौदाबाजार।** सीएम हेल्पलाईन 1076 में दर्ज शिकायत एवं जनपद पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर कार्य मे लापरवाही बरतने के मामले मे जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेशानुसार सीएम हेल्पलाईन 1076 में दर्ज शिकायत एवं सीईओ जनपद पंचायत पलारी के प्रस्ताव के आधार पर एवं आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत रसौटा के पंचायत सचिव बालाराम कुर्रे ग्राम पंचायत मुख्यालय में हमेशा अनुपस्थित रहते हैं एवं अधिकांश समय मोबाईल बंद रहता है जिसके कारण ग्राम पंचायत के हितग्राही मूलक कार्यों एवं अन्य कार्यों का समय-सीमा में संपादन नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत के कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण बालाराम कुर्रे सचिव ग्राम पंजचत रसौदा को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तक अपील) नियम, 1999 के भाग दो नियम 4 के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया शेष पेज 12 पर

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों (चोरी, नकबजनी) की रोकथाम एवं अपराधियों की त्वरित धरपकड़ हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कसडोल पुलिस द्वारा सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास करने वाले 03 आरोपियों को रंगे हाथ एवं घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी छोटेलाल कश्यप निवासी ग्राम मल्दा द्वारा थाना कसडोल आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 25.08.2026 को अज्ञात आरोपी द्वारा उनके घर का ताला तोड़कर अंदर रखे संदूक का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। घर का ताला टूटा देख आरोपी को भागते समय प्रार्थी व गांव के लोगों द्वारा दौड़ाकर एक आरोपी (विमल कौशिक) को मौके पर पकड़ा गया। शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### रिंगनी स्कूल में सरपंच ने कराया न्योता भोज

**हंथबंद।** प्राथमिक विद्यालय रिंगनी में ग्राम पंचायत की सरपंच मनीषा मेमनजीत कोशले द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया जिसमें पुड़ी खीर, बड़ा, जलेबी पापड़ की व्यवस्था की गई। भोज समारोह में विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच योगेन्द्र पाल, मुबारक हुसैन अध्यक्ष सद्भावना मंच सिमगा भाटापारा परिक्षेत्र, नंदू ध्रुव समन्वयक उपस्थित थे। प्रधान पाठक रोशन कुमार गिलहरे द्वारा अतिथियों का शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में पंचायत के पंचगण जागेश्वर ध्रुव, महेश्वरी मारकंडेय, गीता ध्रुव, रोजगार सहायक नैना साहू उपस्थित थे बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण किया गया अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। न्योता भोज के आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक संजूराम निर्मलकर, दिनेश ध्रुव, हेमेशसाहू, लता टंडन, मां भवानी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष नमिता कश्यप का विशेष योगदान रहा। उपसरपंच योगेन्द्र पाल एवं स्टाफ के सौजन्य से 120 सेट थाली कटोरी टाईऑरबेल्ट बच्चों को प्रदान किया गया।

### शिशु मंदिर में छात्राओं ने छात्रों को बांधी राखी



**हिरमी रावन।** सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा एवं ज्ञानोदय शिशु मंदिर हिरमी में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने छात्रों की आरती उतारी, तिलक लगाकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और मिठाई खिलाई। विद्यालय परिसर में पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और उमंग का माहौल रहा।ज्ञानोदय विद्यालय हिरमी के प्राचार्य पीआर वर्मा ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, सम्मान, स्नेह और जिम्मेदारी के पवित्र रिश्ते को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है और ऐसे पर्व नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि राखी का धागा केवल रक्षा का प्रतीक नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच आपसी विश्वास, अपनत्व और जीवनभर एक-दूसरे का सहयोग करने की भावना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेम, त्याग, सम्मान, सद्भाव और आपसी सहयोग के मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाई-बहन के रिश्ते की गरिमा बनाए रखने तथा एक-दूसरे के सम्मान और सहयोग का संकल्प लिया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

पर्व : रक्षा सूत्र बांधकर सुख, समृद्धि और उज्वल भविष्य की कामना की

# रक्षाबंधन पर्व पर छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम मुड़पार स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पूर्व संध्या में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास की परंपरा को जीवंत किया। विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिवर्ष रक्षाबंधन पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। छात्राओं ने छात्रों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुख, समृद्धि और उज्वल भविष्य की कामना की। रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक मोहनलाल वर्मा ने बताया कि श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व भाई-बहन के स्नेह और अटूट विश्वास का प्रतीक है।

इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। श्रावण मास में मनाए जाने के कारण इसे श्रावणी या सलूनो भी कहा जाता है। उन्होंने रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक गोविंदराम साहू ने सभी छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। शाला विकास समिति एवं विद्यालय परिवार की ओर से समस्त अंचलवासियों को रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी एवं तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

### छड़िया स्कूल में बच्चों ने बनाई राखियां

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में रक्षाबंधन का पर्व परंपरा, स्नेह और उत्साह के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और प्रेम को व्यक्त करते हुए स्वयं के हाथों से सुंदर-सुंदर राखियां तैयार कीं। रंग-बिरंगे धागों और सजावटी सामग्री से बनी ये राखियां केवल धागे नहीं थीं, बल्कि उनमें बच्चों का स्नेह, सम्मान और संस्कार पिरोए हुए थे। राखियां तैयार करने के बाद बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षकों को मंच पर बुलाकर प्रेमपूर्वक राखी बांधी और उनके लंबे जीवन, अच्छे स्वास्थ्य व खुशहाली की कामना की। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं। पूरे विद्यालय में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और भारतीय संस्कृति की महक से भरा एक भावुक माहौल बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा तथा शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि उन्हें भारतीय परंपराओं और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ते हैं।

### भाई की कलाई पर सजेगी प्रेम की राखी

**खरोरा।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन इस वर्ष शुक्रवार 28 अगस्त को मनाया जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में रक्षाबंधन पर भद्रा का साया रहने से पर्व के शुभ मुहूर्त को लेकर असमंजस की स्थिति रहती थी, लेकिन इस बार भद्रा का कोई व्यवधान नहीं रहेगा। ऐसे में बहनें बिना बाधा अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध सकेंगी। रक्षाबंधन को लेकर शहर के



बाजारों में बीते दो-तीन दिनों से रौनक बढ़ गई है। राखियों की जमकर बिक्री हो रही है। इस वर्ष बाजार में पारंपरिक राखियों के साथ बच्चों को आकर्षित करने वाली म्यूजिकल और कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां उपलब्ध हैं। वहीं युवाओं के लिए ब्रेसलेटनुमा और डिजाइनर राखियां भी खूब पसंद की जा रही हैं। रक्षाबंधन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुख, समृद्धि और लंबी उम्र की कामना करती हैं। वहीं भाई बहन की रक्षा का संकल्प लेते हैं। पंडित मां परमेश्वरी मंदिर केसला के पुजारी मुन्ना महाराज के अनुसार 28 अगस्त की सूर्योदय से लेकर सुबह 9.48 बजे तक राखी बांधने का समय विशेष रूप से शुभ माना जा रहा है। इसके बाद सुबह 10.46 बजे से दोपहर 12.22 बजे तक राहुकाल रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार राहुकाल में राखी बांधने से बचना चाहिए।भद्रा का व्यवधान नहीं होने के कारण इस वर्ष बहनें अपने भाइयों को सुविधानुसार राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मना सकेंगी। पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ती चहल-पहल से व्यापारियों में भी उत्साह है और आने वाले दिनों में राखियों की बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है। नगर के सिविल लाइन निवासी पंडित मुन्ना महाराज ने बताया कि इस वर्ष रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं है। शुक्रवार 28 अगस्त को पूरे दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा सकता है।

### राखी निर्माण प्रतियोगिता में धानी प्रथम

**संडी बंगला।** रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गबौद में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शाला के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सुंदर, आकर्षक एवं पर्यावरण अनुकूल राखियां तैयार की। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और सृजनात्मकता की भावना को बढ़ावा देना था। वहीं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट राखी बनाने वाले टॉप-5 विद्यार्थियों का चयन किया गया।



विजेता विद्यार्थियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं ग्राम पंचायत गबौद के पूर्व सरपंच नानक वर्मा ने पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार कु. धानी, द्वितीय पुरस्कार कु. राखी एवं ऋतुराज तथा तृतीय पुरस्कार कुमारी जीवितिका को प्रदान किया गया। वहीं मुख्य अतिथि नानक वर्मा ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति लगाव बढ़ाते हैं। राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों के हुनर की सराहना करते हुए आगे भी ऐसे आयोजन करने की बात कही।कार्यक्रम में विक्रम राय, प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ, संस्था प्रमुख दानेश्वर साहू, पूनम दर्रो, प्रधान पाठक कुमारी सीमा मनहरे, कौशिल्या सोनकेवरे, भवानी चंद्राकर, पालक सदस्य एवं शाला के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में बच्चों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया।

## बिजली बिल की बढ़ोतरी व महंगाई से आम जनता परेशान : सुमित्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बढ़े हुए बिजली बिल एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में उपभोक्ताओं से आवेदन फॉर्म भरवाने का अभियान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भोथीडीह, बछेरा एवं नवागांव में उपभोक्ताओं से आवेदन फॉर्म भरवाए गए।अभियान में विशेष रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे उपस्थित रही।जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने ग्रामीणों से कहा कि आज जनता पहले से महंगाई की मार झेल रही है। भाजपा की सरकार में पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री, घरेलू जरूरतों सहित रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़ते दामों से आम परिवार का बजट बिगड़ चुका है।

ऐसे समय में बिजली के बढ़े हुए बिल और स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि ये मीटर, महतारी वंदन वसूली मीटर है। भाजपा सरकार जहां 1000 रूपए महतारी वंदन दे रही है वहीं उनसे बिजली बिल के माध्यम से दो से तीन हजार तक वसूल रही है।

### गांव-गांव पहुंचकर उठाई जा रही जनता की आवाज

कांग्रेस पार्टी आम उपभोक्ताओं की आवाज को मजबूती से उठाएगी और उनके हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि बढ़े हुए बिजली बिल और स्मार्ट मीटर को लेकर ग्रामीणों एवं उपभोक्ताओं में लगातार चिंता बनी हुई है। कांग्रेस जनता की इस समस्या को लेकर गांव-गांव पहुंच रही है और उपभोक्ताओं से आवेदन भरवाकर उनकी शिकायतों को शासन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता के हितों से जुड़े इस मुद्दे पर कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ उपभोक्ताओं के साथ खड़े हैं। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष भिखारी गहरे, श्यामलाल देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री शेष साहू, विक्की मानिकपुरी, सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष भैया कुंजराम साहू जी, ब्लॉक कांग्रेस सचिव यश शर्मा, धन सिंह साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय प्रभारी विक्की पाण्डे, दिनेश साहू, प्रभु साहू, प्रकाश, राधेश्याम साहू, ठाकुर भाई सहित कांग्रेसजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सत्यम शिवम सुंदरम मंडली द्वारा किया रामायण भजन



**रिसदा।** पवित्र सावन बलौदा बाजार शहर की प्रसिद्ध सत्यम शिवम सुंदरम मंडली द्वारा मंदिरों एवं घरों में रामायण पाठ, पूजा एवं भजन कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य रानी भट्ट, कालिंद्री यादव, जानकी साहू, बिंदेश्वरी पटेल, चमेली वर्मा, सुशीला साहू सहित बड़ी संख्या में श्रोता एवं श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

## गुड शेफर्ड हाई स्कूल के स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यार्थियों के दांतों और सेहत की जांच की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

गुड शेफर्ड हाई स्कूल, नवापारा में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएमसी वेल्लोर, तमिलनाडु से पहुंचीं डॉ. प्रीति (एमबीबीएस) एवं डॉ. फ्लोरिडा (डेंटिस्ट) ने विद्यार्थियों के सामान्य स्वास्थ्य एवं दांतों की जांच की। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, दांतों की नियमित देखभाल, पौष्टिक आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या को नजरअंदाज न करने की सलाह दी। संस्था प्रमुख प्रेम दांडेकर ने कहा कि विद्यार्थियों का स्वस्थ रहना उनके बेहतर शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने सीएमसी वेल्लोर, तमिलनाडु से आए दोनों चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। विद्यालय प्रबंधन ने डॉ. प्रीति एवं डॉ. फ्लोरिडा का आभार व्यक्त किया।

स्वास्थ्य जांच शिविर विद्यार्थियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय भविष्य में भी ऐसे जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## एक ही परिवार के 2 बच्चों ने नीट में रचा इतिहास, भाई-बहन बनेंगे डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





नगर के शिक्षक फगवाराम जायसवाल एवं शिक्षिका कुसुम जायसवाल के पुत्र-पुत्री ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर परिवार, समाज और कसडोल क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी पुत्री लीना जायसवाल ने वर्ष 2025 में नीट प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शासकीय मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में प्रवेश लिया, वहीं उनके पुत्र मुक्तेश जायसवाल ने वर्ष 2026 में नीट में शानदार सफलता अर्जित करते हुए शासकीय मेडिकल कॉलेज दुर्ग में अपनी सीट सुनिश्चित की है।

एक ही परिवार के दो होनहार भाई-बहन का मेडिकल कॉलेज में चयन होना पूरे परिवार के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। दोनों की सफलता से परिवार के साथ-साथ समाज और क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। लीना एवं मुक्तेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन, अनुशासन, नियमित अध्ययन और लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर की गई कड़ी मेहनत को दिया है। उनका कहना है कि उनके माता-पिता शिक्षक के रूप में नई पीढ़ी को शिक्षा और सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार वे भी भविष्य में चिकित्सक बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहते हैं।

### कठिन परिश्रम और सही दिशा से ही हासिल होगा हर लक्ष्य

दोनों भाई-बहनों की इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ध्रुव, समाज अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल सहित गुरुजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी है। उन्होंने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित करने की शुभकामनाएं दीं। शिक्षक माता-पिता के मार्गदर्शन में एक ही परिवार के दो बच्चों का मेडिकल कॉलेज में चयन क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। लीना और मुक्तेश की सफलता ने यह संदेश दिया है कि उचित मार्गदर्शन, अनुशासन, निरंतर अध्ययन और दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### हंथबंद में मनाया गया मिलादुन्नबी का पर्व

**हंथबंद।** हज़रत मुहम्मद पैगम्बर साहब का जन्म दिन मिलादुन्नबी का पर्व पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। जामा मस्जिद हथबंद में परचम कुशाई (झंडोत्तोलन) की गई मुस्लिम समाज के लोग जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण किया। मस्जिद के मौलाना जाकिर हुसैन ने तकरीर में पैगम्बर साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की।इस अवसर पर समाज के मुबारक हुसैन, इनायत खान, रसीद खान, अनवर खान, मुकीम अहमद, ताज खान, शमीम खान, डॉ. इकबाल हुसैन, शाहिद खान, मोहसिन खान, फैजल खान, वकील खान, सलमान खान, तौसीफ खान, रेहान खान, यासीन अली, उपस्थित थे।



### पत्रकारों ने किया नवपदस्थ थाना प्रभारी का स्वागत

**गोपालपुर।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति सरसीवां की टीम ने नवपदस्थ थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी से सौजन्य मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों की सुरक्षा, समाचार संकलन के दौरान आने वाली चुनौतियों तथा पुलिस-प्रेस के बेहतर समन्वय को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। ऐसे में पत्रकारों को सुरक्षित एवं सहयोगपूर्ण वातावरण मिलना आवश्यक है। थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी ने भी पत्रकारों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था के साथ निष्पक्ष कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष युवराज निराला, चित्रसेन घृतलहरे, ब्लॉक उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्रा, मोहित रात्रे, हीरासेन खरे एवं तुलसीदास महांत उपस्थित रहे। सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस मुलाकात में पुलिस और पत्रकारों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने पर जोर दिया गया।



## पेज 11 के शेष

### जंगली सुअर के ...

छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर बिक्री करना शुरू किया। वन विभाग द्वारा बताया गया कि मामले में वन्यजीव अपराध से जुड़े अन्य तथ्यों तथा संभावित रूप से संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी जुटाने के लिए अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है। इस पुरे कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी पार्थ शर्मा, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी थरगांव भगवत प्रसाद श्रीवास, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी भरत लाल साहू, वन परिसर रक्षक बिलाड़ी संदीप माथुर एवं वन परिसर रक्षक पश्चिम अर्जुनी प्रवीण कुमार आदिले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पीएम आवास योजनआ...

कार्रवाई करते हुए ग्राम सेल निवासी 24 वर्षीय अतुल घृतलहरे को गिरफ्तार किया है।बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान अथवा परिचित व्यक्ति को अपना बैंक खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड, एटीएम पिन, ओटीपी या आधार संबंधी जानकारी साझा न करें। बैंक खाते का दुरुपयोग अवैध लेन-देन अथवा साइबर अपराध में किया जा सकता है। किसी भी संदिग्ध लेन-देन की जानकारी मिलने पर तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

### मारपीट व मोबाइल...

एक राय होकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्के व बेल्ट से गंभीर मारपीट की गई तथा प्रार्थी का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 265/2025 दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 117(2),309(6) बीएनएस जोड़ी गई। थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथी के साथ मिलकर अपराध कारित करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (सीजी 04 एनएच 1160) एवं चमड़े का बेल्ट विधिवत जप्त कर कब्जे में लिया गया है। प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 27 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। प्रकरण विवेचना में है। गिरफ्तार आरोपी रुपेश कुमार भारद्वाज पिता स्व. गेंद राम भारद्वाज, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम सेमरिया, थाना पलारी, सचिन कुमार जोशी पिता अरुण कुमार जोशी, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम तेलासी, थाना गिधपुरी।

### सट्टा-पट्टी लिखाने...

द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया तथा उसके कब्जे से सट्टा-पट्टी, पेन एवं नगदी रकम 470 जप्त कर कब्जे में ली गई। आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 का पाए जाने पर अपराध क्र. 311/2026 एवं 312/2026 के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। प्रकरणों में आरोपी को दिनांक 26 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर उचित कार्यवाही की जा रही है। आरोपी मुकेश यादव आदतन एवं शातिर अपराधी है, जिसके विरुद्ध जुआ, बलवा, मारपीट के कुल तीन अपराधिक प्रकरण में पूर्व में भी दर्ज हैं।

### सार्वजनिक स्थानों पर...

गया। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 717/2026 दर्ज है। नया बस स्टैंड स्थित जे.टी.सी. गार्डन के सामने से पुष्कर साहू (22) को बटनदार स्प्रिंगदार लोहे के चाकू के साथ पकड़ा गया। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 718/2026 दर्ज किया गया है। वहीं संजय कॉलोनी श्मशान घाट के पास से शुभम साहू (18) को स्टील के स्प्रिंगदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 720/2026 दर्ज किया गया है। चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन कर भय का माहौल बनाने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### शराब पीकर बाइक...

इसके बाद पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को विधिवत जब्त किया और आरोपी चालक को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय ने शराब के नशे में वाहन चलाने के मामले में रामफल पटेल को कुल 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस ने बताया कि नशे में वाहन चलाने से चालक के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ती है। ऐसे में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए शराबी वाहन चालकों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और शराब का सेवन कर वाहन नहीं चलाने की अपील की है।

### चारागाह की 27...

और इसे किसी भी स्थिति में उद्योग अथवा विद्युत विभाग को नहीं दिया जाना चाहिए। वर्तमान सरपंच और पंचों ने भी जमीन को सुरक्षित रखने की बात कही है। मामले को लेकर रायपुर जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा नेत्री शैल महेंद्र साहू के नेतृत्व में सिमगा ब्लॉक के जनपद सदस्य अंजू बबलू पटेल, ग्राम सरपंच धुलेंद्र साहू, उपसरपंच दिनेश निषाद, जयसिंह वर्मा सहित पंच प्रेमलता वर्मा, दिलीप वर्मा, राजेश वर्मा और एकांत साहू ने रायपुर में उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री को पूरे मामले से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा और ग्रामीणों की सहमति एवं ग्राम सभा के प्रस्ताव के बिना जारी किए गए एनओसी को निरस्त कर जमीन गांव को वापस दिलाने की मांग की। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सीएम हेल्पलाइन पर...

गया है। बालाराम कुर्रे के निलंबन उपरांत, सचिव ग्राम पंचायत गदौड अरूण कुमार कैवर्त्य को, ग्राम पंचायत रसौटा का अतिरिक्त प्रभार आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से सौंपा गया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जनपद पंचायत पलारी निर्धारित किया गया है एवं इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

### सूने मकान का...

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 320/2026, धारा 331-4,62,3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले में आरोपी विमल कौशिक से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने दो अन्य साथियों (संदीप कुमार एवं भुनेश्वर वर्मा) के साथ मिलकर सूने मकान को देखकर चोरी करने की योजना बनाना स्वीकार किया। योजना के तहत विमल घर के अंदर घुसा था तथा बाकी दोनों बाहर निगरानी रख रहे थे। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सह-आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की राड, टूटा हुआ ताला एवं प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 बीजे 3828 विधिवत जप्त कर कब्जे में लिया गया है। प्रकरण में तीनों आरोपियों को दिनांक 26 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी विमल कौशिक के विरुद्ध चोरी के दो अन्य प्रकरण एवं भुनेश्वर वर्मा के विरुद्ध चोरी का एक प्रकरण पूर्व में भी पंजीबद्ध है। आरोपी विमल कौशिक पिता हरिश्चंद कौशिक, उम्र 34 वर्ष, निवासी ग्राम तिलाई, थाना अकलतरा, जिला जांजगीर-चांपा संदीप कुमार उर्फ राज यादव पिता रामलाल यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम तिलाई, थाना अकलतरा, जिला जांजगीर-चांपा भुनेश्वर वर्मा पिता रामखिलावन वर्मा, उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम झबड़ी, थाना कसडोल।

## खबर संक्षेप



### गुरुद्वारा कमेटी ने ईद के जुलूस का किया स्वागत

**खरोरा।** ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा निकाले गए जुलूस का गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, गुरु सिंह सभा, खरोरा द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। गुरुद्वारा साहिब के सामने कमेटी के सदस्यों ने जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की दिली मुबारकबाद दी और आपसी एकता, सद्भाव एवं भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों के लिए गुरुद्वारा कमेटी की ओर से पानी एवं जलपान की सेवा भी की गई। गुरुद्वारा कमेटी के इस आत्मीय स्वागत से आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का सुंदर संदेश सामने आया। इस अवसर पर सरदार भूपिंदर सिंह सलूजा, ज्ञानी जी, सरदार अमरजीत सिंह चावला, सरदार अरविंदर सिंह भाटिया, सरदार संदीप सिंह छाबड़ा, सरदार रविंदर सिंह भाटिया एवं सरदार जोत नारंग सहित गुरुद्वारा कमेटी के अन्य सेवादार तथा मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह आयोजन खरोरा में हिंदू-मुस्लिम-सिख एकता, सद्भाव और भाईचारे की एक प्रेरणादायी मिसाल बनकर सामने आया।

### रक्षाबंधन से पहले 31वीं किश्त मिलने से महिलाओं के चेहरे खिले

**बलौदाबाजार।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में खुशियों का नया सवेरा ला रही है। त्यौहारों के इस पावन अवसर पर यह योजना महिलाओं के लिए खुशियों का सशक्त माध्यम बन चुकी है। पावन पर्व रक्षाबंधन से ठीक पहले योजना की 31वीं किश्त की राशि खातों में अंतरित होने से प्रदेश भर की माताओं और बहनों के चेहरे खिल उठे हैं। बैंक खातों में राशि पहुंचते ही त्यौहार की तैयारियाँ और अधिक उत्साह के साथ शुरू हो गई हैं। जिले के ग्राम पंचायत धनगांव निवासी मधु बघेल के लिए इस बार का रक्षाबंधन कुछ खास है। महतारी वंदन योजना की 31वीं किश्त रक्षाबंधन से पहले मिलने से उनके चेहरे पर खुशी है। योजना की 31वीं किश्त प्राप्त होने पर लाभार्थी मधु ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी भावनाएँ साझा कीं। उन्होंने कहा रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व से ठीक पहले खाते में राशि आ जाने से त्यौहार का आनंद दोगुना हो गया है।



# अंबुजा विद्यापीठ में संस्कृत दिवस की धूम विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की सांस्कृतिक झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ, रवान में देववाणी संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन और महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से संस्कृत दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संस्कृत गीत, नृत्य और भाषणों के माध्यम से भाषा की समृद्ध परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। वहीं वरिष्ठ विद्यार्थियों ने संस्कृत की वैज्ञानिकता, ऐतिहासिक महत्व तथा कंप्यूटर के क्षेत्र में इसकी उपयोगिता पर ज्ञानवर्धक भाषण दिए। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों की जननी है। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत को केवल पाठ्य विषय के रूप में नहीं, बल्कि इसके नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी एवं संस्कृत विभाग के शिक्षकों देवी प्रसाद तिवारी, डॉ. देवेंद्र जायसवाल, डॉ. विनोद कुमार शुक्ला, बाल्मीकि त्रिवेदी, पूनम पाण्डेय, रश्मि श्रीवास्तव, रेणु तिवारी, डॉ. अनुराधा श्रीवास्तव और सुलोचनी सहित शिक्षक वर्ग का विशेष योगदान रहा। विभागाध्यक्ष गंगोत्री मिश्रा ने आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता के लिए प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

## वैदिक परंपरा में संस्कृत समारोह का शुभारंभ





### विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समारोह का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार हुआ। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, उपप्राचार्य पद्माकर मिश्रा एवं समन्वयकों ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन और मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। संस्कृत की सरलता, मधुरता और वैज्ञानिक स्वरूप को प्रदर्शित करते हुए विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। प्राथमिक वर्ग के बच्चों ने संस्कृत में सुमधुर बाल गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। छात्राओं ने शास्त्रीय एवं लोकधुनों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## ग्रामीण विद्यार्थियों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए किया प्रेरित

# वन महोत्सव में डीएफओ ने विद्यार्थियों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

वन परिक्षेत्र अर्जुनी के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरौदपुरी में गुरुवार 27 अगस्त को वन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली के प्रति जागरूकता तथा भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वनमण्डलाधिकारी (डीएफओ) बलौदाबाजार पंकज कुमार कमल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में फलदार पौधों के पौधरोपण से हुआ। डीएफओ पंकज कुमार कमल सहित वन विभाग के अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया तथा विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।




पौधरोपण के बाद आयोजित सभा में डीएफओ पंकज कुमार कमल ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस देते हुए संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग जैसी प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। लगन, अनुशासन, सही रणनीति और निरंतर मेहनत के बल पर गांव के बच्चे भी देश और प्रदेश की प्रशासनिक सेवाओं में महत्वपूर्ण पदों पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति और पर्यावरण के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि वृक्ष केवल हमें ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी से पौधरोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की देखभाल को अपनी जिम्मेदारी बनाने का आह्वान किया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

वन महोत्सव के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्ष बचाओ अभियान और सामाजिक जागरूकता पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य, प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक तथा देशभक्ति एवं प्रकृति संरक्षण पर आधारित कविताओं की प्रस्तुति देकर उपस्थित अतिथियों एवं जनसमूह का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों के महत्व का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी पार्थ शर्मा, गिरौदपुरी के उपसरपंच, स्थानीय पंचगण, विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा वन परिक्षेत्र अर्जुनी के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## खम्हरिया स्कूल में राखी मेकिंग स्पर्धा में दयानंद हाउस प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं सुंदर राखियां तैयार कीं। विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगों, सजावटी सामग्रियों एवं रचनात्मक विचारों का उपयोग कर मनमोहक राखियां बनाईं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन शासकीय आयुष्मान हेल्थ सेंटर (पीएचसी) के चिकित्सकों द्वारा किया गया। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की कला, रचनात्मकता, मौलिकता एवं प्रस्तुति की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दयानंद हाउस, द्वितीय स्थान आत्मानंद हाउस तथा तृतीय स्थान विवेकानंद हाउस ने प्राप्त किया। विजेता हाउसों के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनात्मकता एवं टीम भावना का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को रक्षाबंधन पर्व की महत्ता बताते हुए भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और आपसी सम्मान का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम से विद्यालय परिसर में उत्सव एवं उल्लास का वातावरण बना रहा। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोज रात्रे ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## आधारशिला स्कूल के छात्राओं ने जनसेवकों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर आधारशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने समाज एवं जनसेवा के प्रति समर्पित जनसेवकों के प्रति सम्मान और भाईचारे की भावना व्यक्त करते हुए उन्हें राखी बांधी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा , नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, एसडीओपी तरेश साहू, सिटी थाना के एसआई राधेश्याम वर्मा तथा बीईओ कार्यालय में भास्कर देवांगन से भेंट कर उन्हें राखी बांधी और उनके प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनेपन, सम्मान और सुरक्षा के प्रतीक के रूप में राखी बांधते हुए समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले इन जनसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। जनसेवकों ने भी विद्यार्थियों को स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि स्नेह, सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सौहार्द का संदेश देने वाला पर्व भी है। विद्यार्थियों द्वारा जनसेवा में कार्यरत व्यक्तियों को राखी बांधने की यह पहल समाज के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने वाली है।

## अविका विहार कॉलोनी में सावन महोत्सव की धूम



**सिमगा।** अविका विहार कालोनी सिमगा की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया साथ ही सावन के गीतों एवं मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। इस दौरान पुरे कालोनी में उत्साह के साथ आपसी सौहाद्र देखने को मिला।

## ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी ने क्यूआर स्कैन कर जागरूकता की सेल्फी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आम नागरिकों को ऑनलाइन ठगी एवं डिजिटल फ्रॉड के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा प्रदेशभर में 15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026 तक साइबर जागृति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आम जनता को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए "जागरूकता की एक सेल्फी पहल की शुरुआत की गई है। जिसमे ब्रह्माकुमारी संस्था से हर्ष दीदी ने थाना पलारी में इस जन-जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने आधिकारिक पोस्टर पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर अपनी जागरूकता की सेल्फी ली और उसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड किया। सेल्फी अपलोड करते हुए हर्षा दीदी ने आम जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और 'साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़' के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। साइबर फ्रॉड से सदैव सतर्क एवं सावधान रहें। इस दौरान हर्षा दीदी ने टाउन इंस्पेक्टर परिवेश तिवारी व पुलिस भाइयो को राखी बांधी। अभियान में इस तरह भाग ले सकते हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक बैनर/पोस्टर पर उपलब्ध कोड को अपने मोबाइल से स्कैन करें। दिए गए लिंक/फ्रेम के माध्यम से अपनी जागरूकता की सेल्फी लें। इस सेल्फी को अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर दूसरों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

## पीएम मोदी और उनकी दिवंगत माता पर अभद्र टिप्पणी, कार्रवाई की मांग



**बलौदाबाज़ार।** भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाज़ार भाटापारा द्वारा पुलिस अधीक्षक बलौदाबाज़ार को सौंपी गई ज्ञापन जिसमे सोशल मीडिया (फेसबुक) आई डी जीएसजेएआईएन 371969 के द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी माता के खिलाफ अभद्र भाषा और अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया इस। अपने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर पोस्ट किया गया जिसे संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक बलौदाबाज़ार को सौंपी गई ज्ञापन में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, नीलम सोनी, अलोक अग्रवाल, दिनेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, सेवक राम साहू, रवि वर्मा, सुशीला वर्मा, मुरारी कन्नौजे, सरिता मार्के, कृष्णा साहू, नेतराम साहू, भगवानी ध्रुव, दीना कुमार कन्नौजे सहित भाजपा पधाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## , विजेताओं को मिला सम्मान

# राखी मेकिंग स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भाई-बहन के अटूट स्नेह, प्रेम एवं विश्वास के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व का आयोजन पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विविध रचनात्मक गतिविधियों एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राथमिक वर्ग की प्रतियोगिता में हरषाली (कक्षा 4वीं) ने प्रथम, रश्मि पुरानबे (कक्षा 5वीं) ने द्वितीय तथा रुचि देवांगन (कक्षा 3वीं) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 6वीं से 8वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित राखी मेकिंग प्रतियोगिता में सुरभि कौशिक (कक्षा 6वीं) प्रथम, धनुष्का एवं जीविका (कक्षा 8वीं) संयुक्त रूप से द्वितीय तथा धनराज (कक्षा 6वीं) एवं साक्षी चंद्राकर (कक्षा 8वीं) संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को विद्यालय परिवार द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं नैतिक महत्व से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल रक्षा सूत्र का बंधन नहीं, बल्कि परस्पर विश्वास, सम्मान, जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहने तथा भाईचारे की भावना को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सना करीम, योगिता देवांगन, कृतिका वर्मा, प्रीति मिश्रा, पावेत्री साहू, अजय कुर्रे, विक्रम आडिल सहित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। पूरे विद्यालय में उत्सव का उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा तथा विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन पर्व को आनंद, सौहार्द और पारिवारिक अपनत्व की भावना के साथ मनाया।



## खबर संक्षेप



### अंचल में मोबाइल नेटवर्क की समस्या उपभोक्ता परेशान

**बगबुड़ा।** लवन नगर पंचायत सहित आसपास के अंचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों जियो, एयरटेल एवं आइडिया मोबाइल नेटवर्क की समस्या से उपभोक्ता परेशान हैं। कई स्थानों पर नेटवर्क सिग्नल कमजोर रहने के कारण कॉल करने और रिसीव करने में परेशानी हो रही है, वहीं मोबाईल इंटरनेट की स्पीड भी प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। नगरी क्षेत्र में स्थिति और अधिक परेशानी वाली बताई जा रही है। नेटवर्क कमजोर होने के कारण ऑनलाइन काम, यूपीआई भुगतान, ओटीपी, ऑनलाइन पढ़ाई तथा जरूरी फोन कॉल प्रभावित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि रिचार्ज कराने के बाद भी उन्हें कमजोर नेटवर्क सुविधा व कमजोर डाटा मिल रही है। वहीं स्थानीय उपभोक्ताओं ने संबंधित मोबाइल कंपनियों से नेटवर्क समस्या की जांच कर आवश्यक तकनीकी सुधार करने तथा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क कवरेज बेहतर करने की मांग की है।

### बालिकाओं ने जवानों के लिए बनाई राखियां



**खरोरा।** ग्राम ईल्दा के हाई एवं मिडिल स्कूल की बालिकाओं ने देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे जवानों के प्रति अपना स्नेह और सम्मान व्यक्त करते हुए सुंदर राखियां तैयार कीं। इन राखियों में बालिकाओं ने अपने स्नेह और देशभक्ति की भावना को पिरोया।

# भरसेला में विद्यार्थियों ने पेड़-पौधों को बांधी राखी, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय हाई स्कूल भरसेला (बड़ा) में रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर कक्षा 6वीं से 8वीं के विद्यार्थियों के लिए राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया और आकर्षक राखियाँ तैयार कीं। प्रतियोगिता के पश्चात छात्राओं ने अपनी कक्षा के छात्रों को राखी बाँधी। इस अवसर पर छात्रों ने अपनी बहनों का सम्मान करने, उनकी सहायता एवं सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की विशेष पहल के रूप में विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर के पेड़-पौधों को राखी बाँधकर पर्यावरण संरक्षण एवं उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। बच्चों ने संदेश दिया कि जिस प्रकार भाई-बहन एक-दूसरे की रक्षा और सहयोग का संकल्प लेते हैं, उसी प्रकार पेड़-पौधों की रक्षा एवं देखभाल करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में प्राचार्य फलेन वर्मा, संकुल समन्वयक अमित अवस्थी शिक्षकगण भारती पाण्डेय, विजय लहरे एवं डॉ. कमलेश सेन उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक की सहभागिता





#### पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने का संदेश

इस अवसर पर विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि "पढ़ाई के साथ-साथ रिश्तों का मोल और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझना भी जरूरी है।" गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, प्रेम, सम्मान, सहयोग, संवेदनशीलता एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना रहा।

### ऑनलाइन ठगी के बढ़ते तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की दी जानकारी

# जिले के 54 बैंकों में साइबर जागरूकता अभियान, 1560 से अधिक लोग लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

'साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़' के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष साइबर जागृति अभियान के तहत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में गुरुवार को बैंकों में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली राष्ट्रीयकृत, ग्रामीण एवं निजी क्षेत्र की 54 बैंक शाखाओं में एक साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान से 1560 से अधिक बैंक ग्राहक एवं कर्मचारी सीधे तौर पर लाभान्वित हुए। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने बैंक परिसरों में मौजूद ग्राहकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाइन ठगी के बढ़ते तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। पुलिस ने फर्जी एपीके लिंक, क्रेडिट-डेबिट कार्ड ब्लॉक होने का झांसा, शेयर बाजार में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, पार्ट-टाइम जॉब स्कैम तथा ओटीपी और एटीएम पिन चोरी जैसे साइबर अपराधों के प्रति लोगों को सतर्क किया।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि बैंक खाता संबंधी जानकारी, एटीएम पिन, पासवर्ड और ओटीपी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। अनजान नंबरों से आने वाले संदिग्ध लिंक, लॉटरी, लोन अप्रूवल या अन्य प्रलोभन वाले संदेशों पर क्लिक करने से बचें। साथ ही मोबाइल में क्यूक सपोर्ट और एनीडेस्टक जैसे अनजान रिमोट एक्सेस ऐप इंस्टॉल नहीं करने की सलाह दी गई।



#### सेल्फी स्टैंड बना आकर्षण का केंद्र

अभियान के दौरान बैंकों में लगाए गए विशेष सेल्फी स्टैंड लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। बैंक ग्राहकों और कर्मचारियों ने क्यूआर कोड स्कैन कर 'जागरूकता की सेल्फी' ली और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर अभियान में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों ने भी पुलिस टीम के साथ मिलकर आमजनों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि साइबर ठगी होने पर घबराएं नहीं और तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा नजदीकी पुलिस थाने में भी इसकी सूचना दें, ताकि समय रहते ठगी की रकम को रोकने एवं आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

#### ऐसे बनें साइबर जागृति अभियान का हिस्सा

नागरिकों को अभियान से जुड़ने की प्रक्रिया भी बताई गई। इसके लिए छत्तीसगढ़ पुलिस के बैनर-पोस्टर अथवा बैंक परिसरों में लगाए गए पोस्टर पर उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन कर आधिकारिक लिंक खोलना होगा। इसके बाद दिए गए फ्रेम में जागरूकता की सेल्फी लेकर उसे एक्स (ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करना है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे अपने परिजनों, मित्रों और परिचितों को भी अभियान से जोड़ें और साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को मजबूत करने में सहभागी बनें।

# दावनबोड़ में वीर नारायण सिंह की मूर्ति का अनावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर ग्राम दावनबोड़ में आदिवासी समाज और हमर सुंदर गाँव फाउंडेशन के सहयोग से महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक वीर नारायण सिंह की मूर्ति की स्थापना एवं अनावरण किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, शिवरतन शर्मा, दीप्ति गोविन्द वर्मा, सीता शशिकांत ध्रुव, सुरेश कुमार वर्मा, रामकुमार वर्मा अमृत लाल ध्रुव, नोहर सिंह ध्रुव, लीना योगेश कैवर्त, गंगा प्रसाद वर्मा, विष्णु प्रसाद ध्रुव, लालू ध्रुव, प्रवीण वर्मा, नवीन वर्मा, अजय वर्मा, मनोहर साहू, कल्याण वर्मा ,शबनम बी, लता वर्मा, मीना देवी वर्मा तिलक वर्मा, मालिक राम, लखन वर्मा, रतन वर्मा जीवन वर्मा, तेजबली कोटवार में ग्रामीणों एवं आदिवासी समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वीर नारायण सिंह के संघर्ष, त्याग और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ साथ सांसद महोदय द्वारा विकास कार्यों के लिए 50 लाख रुपए कार्य दावनबोड़ सहित पड़ोसी गांवो के स्वीकृत किए।

#### गौरवशाली इतिहास और संस्कृति से युवा पीढ़ी को जोड़ना मूर्ति स्थापना का उद्देश्य

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वीर नारायण सिंह की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को उनके साहस, स्वाभिमान और समाज के लिए किए गए संघर्ष की प्रेरणा देती रहेगी। मूर्ति स्थापना का उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और महापुरुषों के योगदान से परिचित कराना है। अंत में हमर सुंदर गांव फाउंडेशन अध्यक्ष सुरेश वर्मा ने सभी सहयोगकर्ताओं, ग्रामीणों और कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया तथा समाज की एकता और विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## निधन

### द्वारिका साहू



**गिधौरी।** विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम बरेली निवासी एवं लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े द्वारिका साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को उनके गृह ग्राम बरेली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार एवं काठी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, स्वजन, परिचित एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

### ववेदप्रकाश बिस्सा



**भाटापारा।** स्थानीय संजय वार्ड निवासी सेवा निवृत शिक्षक वेदप्रकाश बिस्सा का निधन हो गया। वे लगभग 67 वर्ष के थे। वे श्याम सुंदर मेडिकल स्टोर संचालक गोविंद बिस्सा के बड़े भाई, रवि बिस्सा, मयंक बिस्सा के पिता तथा कान्हा बिस्सा के बड़े पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार 28 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 1 बजे हिन्दू मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता ही शोषण से बचाव का प्रभावी माध्यम : आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता के निर्देशानुसार ज्ञानदीप स्कूल, बलौदाबाजार में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य शारदा सोनी एवं हरजीत सिंह चावला ने नगरवासियों, पालकों और अभिभावकों को उपभोक्ता अधिकारों, कर्तव्यों तथा कानून के प्रावधानों की जानकारी दी। इस दौरान जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए।

- ज्ञानदीप स्कूल में उपभोक्ता जागरूकता शिविर

आयोग के सदस्य शारदा सोनी एवं हरजीत सिंह चावला ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके अधिकारों और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता जागरूकता ही किसी भी प्रकार के शोषण से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उपभोक्ता का कानूनी अधिकार है। खरीदारी के दौरान वस्तु की कीमत, गुणवत्ता और मात्रा के साथ सेवा की शर्तों की जांच करना जरूरी है। बीमा, मेडिकल क्लेम, वित्तीय कंपनियों, बैंकिंग सेवाओं, परिवहन तथा ऑनलाइन खरीदारी में भी उपभोक्ताओं को आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में आयोग के कर्मचारी दिनेश शर्मा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शारिक खान, भास्कर प्रसाद साहू, राज नारायण त्रिपाठी, प्रभारी प्राचार्य सीमा पाण्डेय सहित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।



#### 5 लाख तक की शिकायत पर नहीं लगेगा कोई शुल्क

शिविर में बताया गया कि सेवा में कमी अथवा उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायत जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष की जा सकती है। शिकायत शुल्क के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि पांच लाख रुपए तक के मूल्य वाली शिकायत पर कोई शुल्क नहीं लगता है। इस दौरान ई-फाइलिंग एवं ई-हियरिंग की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि आयोगों के समक्ष शिकायतें अब ऑनलाइन ई-फाइलिंग के माध्यम से दाखिल करना अनिवार्य है। इसके लिए उपभोक्ता 'ई-जागृति' पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं।

# बरदा स्कूल के बच्चों ने किया नेवता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत बरदा के मिडिल स्कूल व प्राइमरी स्कूल में गुरुवार को स्वर्गीय साराधु खूटे की स्मृति में सभी छात्र-छात्राओं को नेवता भोज कराया गया जिसमें खीर पूड़ी सब्जी वितरण किया गया। जिसमें सम्मिलित शाला समिति के अध्यक्ष हीराबाई जांगड़े, पूर्व सरपंच अनिल खूंटे, पच सुनील खूटे, धर्मेंद्र खूटे, देवेंद्र खूटे, मनेंद्र खूटे, साहिल खूटे, प्रधान पाठक गंभीर सिंह ठाकुर, शिक्षक हरिप्रीत, ज्ञानेश्वर मनहरे, मुकेश वर्मा, प्रमोद चेलक, ध्रुव सर, संतोष खूंटे व रामदेव वर्मा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।




